सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-318
13/07/2018

प्रख्यात पत्रकार और प्रखर वक्ता कल्पेश याग्निक के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 जुलाई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रख्यात पत्रकार और प्रखर वक्ता कल्पेश याग्निक के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्पेश याग्निक अपनी पैनी लेखनी के लिये देश भर में जाने जाते रहे हैं। समाज के कई संवेदनशील मुद्दों पर उनकी बेवाक और निष्पक्ष लेखनी अब देखने और पढ़ने को नहीं मिलेगी। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। ज्ञातव्य है कि कल्पेश याग्निक की इंदौर में कल रात हृदय गति रूकने से मौत हो गयी थी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******